आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.12.2024   समय : 1905

- आज मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी के अधिकारों और गरिमा की सुरक्षा करने वाले समान डिजिटल वातावरण को सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया है।
- विश्व ऑडियो–विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन के अवसर पर जेएनआरएम के प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार शर्मा ने कहा कि छात्रों को सकारात्मक बातों पर फिल्में बनानी चाहिए।
- दिसम्बर और जनवरी माह के लिए मुख्यभूमि के लिए जहाज यात्रा कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है।

<><><><><><><>

आज मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में सार्वभौम घोषणा की याद में यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस का विषय है– हमारे अधिकार, हमारा भविष्य। यह विषय इस बात पर ज़ोर डालता है कि मानवाधिकार महज एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाने का व्यावहारिक साधन है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी के अधिकारों और गरिमा की सुरक्षा करने वाले समान डिजिटल वातावरण को सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी है, लेकिन इससे साइबर बुलिंग, डीप फेक, गोपनीयता संबंधी चिंताएं और गलत सूचना के प्रसार जैसे मुद्दे भी सामने आये हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने तथा युवाओ को समान अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां लागू कर के दुनिया के सामने उदाहरण पेश किया है। राष्ट्रपति ने मानवाधिकार उल्लंघनों को दूर करने, जागरूकता लाने और हाशिए पर मौजूद लोगों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए नीतिगत बदलावों की सिफारिश करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सराहना की। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के तीन प्रकाशनों का विमोचन भी किया।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण—एनएएलएसए के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति बी आर गवई ने कहा है कि इस वर्ष तीन राष्ट्रीय लोक अदालतों के आयोजन से सात करोड़ सत्तर लाख से अधिक मामलों का निपटारा हुआ है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित इन लोक अदालतों में लंबित मामलों और कानूनी विवादों का समाधान किया गया। मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में न्यायमूर्ति बी आर गवई ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण वर्ष में तीन बार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करता है, जिसमें कई वर्षों से न्यायालयों में लंबित मामलों का सौहार्द्रपूर्ण ढंग से निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में अन्य विधिक सेवा प्राधिकरण जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। साथ ही, वे मानवाधिकारों के संरक्षण की दिशा में भी सक्रिय कदम उठाते हैं।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन—इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा—हृदय रोग के बारे में मिथ्य और तथ्य। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. श्रीकांत श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार शर्मा ने कहा कि छात्रों को सकारात्मक बातों पर फिल्में बनानी चाहिए, न कि विनाशकारी विचारों पर। वे आज विश्व ऑडियो—विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन के संबंध में कॉलेज में आयोजित रोड शो के अवसर पर बोल रहे थे। यह रोड शो अगले वर्ष फरवरी माह के दौरान नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। उन्होंने छात्रों से इस तरह से फिल्में बनाने का आग्रह किया, जो राष्ट्र के प्रगतिशील विचारों को दर्शाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कला जो भी हो, उसमें हमारी संस्कृति और विरासत झलकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पश्चिमी संस्कृति को अपनाने की जरूरत नहीं है, जबकि हमारे देश की विरासत की विशाल पृष्ठभूमि है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरों की नकल करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि हमारे पास कई मूल स्क्रिप्ट हैं। छात्रों को सौर ऊर्जा और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर वृत्तचित्र बनाने के बारे में सोचना चाहिए। इस अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के प्रख्यात फिल्म निर्माता और पद्म श्री पुरस्कार विजेता नरेश चन्द्र लाल ने कहा कि जहां चाह है, वहां सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि द्वीपों के छात्रों के पास जो प्रतिभा उपलब्ध है, वह पूरे देश में देखने को नहीं मिलती। किसी को यह सोचने की जरूरत नहीं है कि फिल्म बनाने के

लिए पैसा सबसे महत्वपूर्ण चीज होगी, यह ज्ञान है जो फिल्म बनाने में अधिक महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि फिल्में बनाने के लिए जुनून और साहस की जरूरत होती है। फिल्म निर्माता और गायिका समिता वेद आचार्य ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि वेव्स युवाओं के बीच फिल्मों, रील सिंगल्स, डॉक्यूमेंट्री पर एक प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। कोई भी प्रतिभागी इसमें भाग ले सकते हैं और नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। उन्होंने वेबसाइट से संपर्क करने और प्रतियोगिता में भाग लेने के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बोलते हुए आकाशवाणी श्री विजयपुरम के सहायक निदेशक (समाचार) एस. मुरली ने छात्रों से रेडियो सुनने, टेलीविजन देखने और समाचार पत्र पढ़ने के लिए खुद को तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के ऑडियो–विजुअल माध्यम से सामान्य ज्ञान प्राप्त करके ही वे बेहतर फिल्में बना सकते हैं। पत्र सूचना कार्यालय के संयोजक, मीडिया और संचार अधिकारी देबायन भादुड़ी ने छात्रों से आग्रह किया कि वे इसमें बड़ी संख्या में भाग लें। इससे पहले जेएनआरएम से फ्लैग प्वाइंट तक छात्रों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने दूधलाईन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान लगभग दो हजार वर्ग मीटर सरकारी भूमि को अनाधिकृत कब्जे से मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान चार अतिक्रमण क्षेत्र को मुक्त कराया गया, जिनमें जाल से अस्थाई बाड़, एक शेड और केले व सुपारी के बगीचे शामिल थे। प्रशासन ने आम जनता से इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

दिसम्बर और जनवरी माह के लिए मुख्यभूमि के लिए जहाज यात्रा कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। एम वी सिंधु सत्रह दिसम्बर को श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा और इसकी वापसी बाईस दिसम्बर को होगी। अपनी अगली यात्रा में यह जहाज दो जनवरी को श्री विजयपुरम से छूटेगा और इसकी वापसी सात जनवरी को चेन्नई से होगी। सत्रह और बाईस दिसम्बर के लिए टिकटों का वितरण बारह दिसम्बर से किया जाएगा। जनवरी माह में होने वाली यात्रा के लिए टिकटों का वितरण छब्बीस दिसम्बर से किया जाएगा। यात्री अपने टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर के अलावा ई–टिकटिंग पोर्टल से भी बुक कर सकते हैं।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग में आई टी आई धारक उम्मीदवारों के लिए विभिन्न ट्रेडों में एक वर्षीय अप्रैन्टिस के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन आठ जनवरी तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक हटबे में बाईस दशमलव चार मिलीमीटर, मायाबंदर में इक्कीस दशमलव चार, श्री विजयपुरम में पन्द्रह दशमलव पांच, कार निकोबार में छः, लांग आइलैंड में पांच दशमलव दो और वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में एक दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि शनिवार को द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>